अरुणोदय



Swa. Gulab Bai Yadav Smriti Shiksha Mahavidyalaya, Borawan

Approved by NCTE, New Delhi, Recognised by Govt. of M.P.
Affiliated to DAVV, Indore

Message

Dear Students,

Life is a test. Once John Greenleaf Whittier remarked.

'Peace hath higher tests of manhood than battle even knew.'

No wonder great leaders like Abraham Lincoln and Nelson Mandela believed in ending enemiites by converting enemies into friends. This may appear to be a difficult task, but it is not an impossible one. The foundation of peace lies in empathy, kindness and understanding. A teacher's prime duty is to inculcate values in students that lead to peace and harmony in society and also build a strong nation. May you become angels of peace !

As this session draws to a class, I extend my best wishes to you and also hope to see you successful in your efforts. Those who come back after the semester break will surely feel rejuvenated after the break. I expect that you will continue to activiely participate in all the programmes and reveal your potential in all walks of life.

Your creativity is amply reflected in Arunodhya , your magazine, and I wish to see is blossom. May you achieve your targets be messengers of peace, development, goodness, and above all be teachers who inspire !

Principal
Dr. S. K. Tiwari

संदेश

शिक्षा जीवन की तैयारी, शिक्षा जीवन का प्रकाश है।
शिक्षा है निर्माण चरित्र का, शिक्षा क्षमता का विकास है।।

शिक्षा को जीवन की प्रयोगशाला कहा गया है। शिक्षा ही वह सशक्त उपागम है जिसके द्वारा व्यक्ति विभिन्न संस्कारों के माध्यम से अपने शरीर, मन और आत्मा का समन्वित विकास कर समाज एवं राष्ट्र का योग्य नागरिक बनता है। नागरिकों को अपनी संभावनाओं की सर्वोच्चता पर प्रतिष्ठित करना गुणात्मक शिक्षा का कार्य है।

शिक्षक शब्द का पहला वर्ण 'शि' है जो सतत शिवमय है, कल्याणमय है, शुभसंकल्पमय है। शिक्षक शब्द का दूसरा वर्ण 'क्ष' है जो क्षमता और क्षमा दोनों का प्रतीक है। शिक्षक शब्द का तीसरा वर्ण 'क' है जो कर्म और कर्तव्य का प्रतीक है। शिक्षक शब्द में निहित अर्थों का सार्थक करना ही सही अर्थ में शिक्षक होना है।

स्मारिका 2014-15 के प्रकाशन के लिए शुभकामनाएं एवं शुभाशीष।

अरुण यादव
चेअरमैन

Dear students,

Warm greetings

First of all, I heartily congratulates to all the members of editorial board and students who have contributed to the successful publishing of this magazine, SAMAY.

It is the matter of joy and pleasure, to inform you that from this year we have started a special editorial column for alumni. So, even after you finish your respected course, you can portray your talent on the institute canvas.
In addition to the numerous achievements of the institute this is yet another mile stone in their curricular and co-curricular activities.

I hope the magazine will bring creative talents of the students of the institutes.

The college magazine is a forum which could aptly be used for recording events, fond memories and creative writing. I am sure that this magazine will be informative and resourceful On this occasion, I convey my best wishes to the principal, students, faculty staff and every student of the college in their endeavors.

Regards
Sachin Yadav
Trustee

झलकियाँ

INTERNATIONAL CONFERENCE
on
Changing Perspectives & Challenges of Teacher Educati
25-27-28 Sept. 2015

प्राचार्य की कलम से

हमारे महाविद्यालय की पत्रिका `अरुणोदय' के प्रकाशन पर मेरी हार्दिक शुभकामनाएं। समय सदा गतिशील होता है, वह किसी भी स्थिति में रुकता नहीं है। इसी प्रकार स्व. गुलाब बाई यादव स्मृति शिक्षा महाविद्यालय बोरावां (खरगोन) अपनी प्रगतिशील विचारधारा के साथ उत्तम शिक्षक प्रशिक्षण कार्य हेतु तत्पर है।

यह `अरुणोदय' आपकी कोमल भावनाओं का दर्पण है। इसके माध्यम से मैं अपने विचार आप तक पहुंचाना चाहता हूं। मेरी सदा यही आकांक्षा रही है कि मेरे विद्यार्थी अध्ययन में लगनशील, आचरणवान, उच्च विचार तथा नैतिकता की अच्छाइयों को ग्रहण कर ऊंचे पदों पर आसीन हों और राष्ट्र के उत्थान में अपना पूर्ण योगदान दें। साथ ही अच्छे नागरिक का कर्तव्य पूर्ण निष्ठा से करें।

साहित्य समाज का दर्पण होता है और उसके आदर्शों का आकाशदीप। साहित्य सूक्ष्मदर्शी और दूरदर्शी ही नहीं होता बल्कि वह त्रिकालदर्शी भी होता है। प्रत्येक समाज का भूतकाल, वर्तमान काल और भविष्यकाल साहित्य में व्याख्यायित होता है। उसमें समाज के कृष्ण और शुक्ल दोनों पक्ष प्रतिबिम्बित होते हैं। जहां एक ओर साहित्यकार पाठकों की सामाजिक यथार्थ से साक्षात्कार कराता है वहीं दूसरी ओर उन ध्रुव आदर्श और यक्ष प्रश्नों की ओर भी पाठकों के ध्यान का प्रयास करता है। अरुणोदय वार्षिक पत्रिका 2014-15 में भी हमारे रचनाकारों ने उस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए जो मेहनत की है और पत्रिका को गौरवान्वित किया है उनको पुनः मेरी ओर से

हार्दिक शुभकामनाएं।

-प्राचार्य

डॉ. सुरेंद्र कुमार तिवारी

शैक्षणिक स्टॉफ

छात्र सम्पादक मण्डल

प्रवीण कुमार
(एम.एड.)

विपुल गावशिंदे
(एम.एड.)

रानु जायसवाल
(बी.एड.)

झलकियाँ

झलकियाँ

DONATE
BLOOD
SAVE LIFE
गुलाबबाई यादव स्मृति शिक्षा महाविद्यालय, बोरावां



स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर
गुलाबबाई यादव स्मृति शिक्षा महाविद्यालय, बोरावां

झलकियाँ

झलकियाँ

विश्व पर्यावरण दिवस
स्वच्छ भारत उज्जवल भारत ।
गुलाबबाई यादव स्मृति शिक्षा महाविद्यालय, बोड़ला

College Topper

बी.एड. परिणाम

प्रथम

University Topper

सोनिया तोमर

67.5% प्रथम

द्वितीय

कीर्ति गुप्ता

66.9%

तृतीय

नेहा दशोरे

64.4%

एम.एड. परिणाम

शिवशंकर कुमार सिंह

66% प्रथम

द्वितीय

धीरज सिंह

66%

तृतीय

ज्योत्सना गुप्ता

54%

श्रद्धा - सेवा - विश्वास

संपादकीय

शिक्षा का मूलभूत उद्देश्य है मनुष्य का सर्वांगीण विकास करना। हमारा संस्थान इसके लिए निरंतर प्रयत्नशील रहा है। अरुणोदय का प्रकाशन इसी दिशा में एक मजबूत प्रयास है। अरुणोदय एक ऐसा मंच है जो न केवल उभरते रचनाकारों को अवसर उपलब्ध करवाएगी बल्कि उनके भीतर छुपी मौलिकता को सृजनात्मकता की ओर प्रेरित भी करती है। पश्चिमी भारती की पांच अति महत्वपूर्ण भाषाओं के उभरते लेखकों को एक सीमित कलेवर में पिरोना अपने किस्म का अनूठा प्रयास है। यही अरुणोदय की शक्ति भी है।

सृजन अपने आप में ही मौलिक होता है फिर चाहे वह जीवन के आंतरिक पक्ष से संबंधित हो या बाह्य अनुकृति से। इस मौलिकता को आप पत्रिका की गहन रचनात्मकता और सुंदर डिजाइन में देख सकते हैं। इस बार पत्रिका के बाहरी कलेवर में अद्योपांत परिवर्तन किया गया है वहीं पत्रिका में प्रकाशित रचनाएं एक ओर जहां परंपरा के साथ गहन जुड़ाव को इंगित करती हैं वहीं दूसरी ओर उनमें नएपन के स्वागत का उल्लास भी है। कहना न होगा कि यह अकादमिक सर्जनात्मकता का जीवंत दस्तावेज है।

पूर्णता जीवन में ठहराव को जन्म देती है वहीं कमियां मनुष्य की स्वाभाविक वृत्ति है। संभव है इस प्रयास में कुछ कमियां रह गई हों। अरुणोदय को और अधिक रचनात्मक, स्तरीय और उपयोगी बनाने हेतु आप सभी सुधी पाठकों के विचारों का स्वागत है।

शुभकामनाओं सहित।

संपादक

अनुक्रमणिका

भारती वंदना	06
सफलता का मूल्यांकन	07
मैथ्स से न रखें 36 का आंकड़ा	09
कुछ अलग हटकर सोचें	10
माता-पिता	11
ज्ञान प्रसार का साधन पुस्तकालय	12
समाज के वास्तविक शिल्पकार शिक्षक	13
देश प्रेम	14
भ्रूण हत्या	15
जाने कैसा नाता	16
कैसा शासन बिना अनुशासन	17
परीक्षा रात	19
वीर	20
अच्छा व्यवहार परमात्मा की देन	21
भारतीय नारी की कहानी	22
जीवन में तीन चीजों का महत्व	23
शिक्षण प्रभावशीलता	24
सबको साथ लेकर चलें	26
शिक्षक की जिम्मेदारी ही उसकी गरिमा	27
बच्चों को मिले शिक्षा की ताकत	29
व्यक्तित्व का आभूषण है विनम्रता	30
मानसीक समस्याओं से जूझता समाज	31
लालच नहीं करना चाहिए	33
शिक्षा का महत्व	34
अब आएगा वायफाय का मजा	35
शिक्षा, समाज व नैतिकता	36
युवा शक्ति	38
उपासना साधना	39
शिक्षा बिना जीवन अधूरा	40
ऐसा गाँव बनाएँ	41

अनुक्रमणिका

माँ	42
रुकना नहीं	43
नारी की मौलिकता बनी रहनी चाहिए	44
दोस्त	46
बेटी बचाओ	47
भ्रूण हत्या	48
बेटियाँ	49
गरीब कौन	50
Why Not a Girl	51
Discipline	52
All Izz Well	53
A Fairy Come	54
Self Awareness	55
A Glimpses of Divine	56
Ego or Arrogance	57
Inspiration from Nature	58
Peace not Pieces	59
What a Life	60
God's Gift My Teachers	61
Secrets of Success	62
Take the Initiative	63
Success v/s Failure	64
How the Months Got their Names	65
Education of Girls	66
My Mother	67
Child Labour	68
My Friends	69
What Determines the Success	70
Winner	71
Time is Money	72

भारती वंदना

-हरिराम आचार्य

जय जय हे भगवति सुर भारति
तव चरणौ प्रणमामः।
नादब्रह्ममयि जय वागीश्वरि
शरणं ते गच्छामः।
त्वमसि शरण्या त्रिभुवनधन्या
सुरमुनिवंदितचरणा।
नवरसमधुरा कवितामुखरा
स्मितरुचिचिराभरणा।।1।।
आसीना भव मानसहंसे
कुंदतुहिनशशिधवले
हर जडतां, कुरु बोधिविकासं
सितपंकज तनुविमले।।2।।
ललितकलामयि ज्ञानविभामयि
वीणापुस्तकधारिणी
मतिरास्तां नो तव पदकमले
अयि! कुण्ठाविषहारिणी।।3।।

भावार्थ

हे भगवती देववाणी! तुम्हारी जय हो। हम तुम्हारे चरणों में प्रणाम करते हैं। हे नादब्रह्ममयी वाणी देवी! हम तुम्हारी शरण में आते हैं। तुम भारण के योग्य हो। तुम तीनों भुवनों में धन्य हो। देव और मुनिगण तुम्हारे चरणों की वंदना करते हैं। नौ काव्यरसों से मधुर, कविता द्वारा बोलने वाली तुम मंदहास की आभारूपी सुंदर आभूषणों से युक्त हो। हे श्वेत कमल के समान स्वच्छ शरीरवाली, कुंदपुष्प, बर्फ और चंद्र के समान धवल शरीर वाली! तुम मेरे हृदयरूपी हंस पर विराजित हो। मेरा अज्ञान दूर करो और मेरे ज्ञान का विकास करो। हे ललितकलामयि! ज्ञानप्रकाश से जगमगाती एवं वीणा पुस्तकधारिणी देवी! तुम्हारे चरणकमलों में हमारी बुद्धि लगी रहे क्योंकि तुम कुंठारूपी विष को हरने वाली हो। तुम्हारी जय हो।

डॉ. सुरेंद्र कुमार तिवारी
प्राचार्य

सफलता ही मूल्यांकन

बाजार में वस्तुओं का मूल्यांकन दूसरे लोग निर्धारित करते हैं मगर मनुष्य के संबंध में यह उलटा है। मनुष्य अपना मूल्यांकन स्वयं करता है और जितना वह मूल्यांकन करता है उससे अधिक सफलता उसे कदापि नहीं मिलती। एक सामान्य परिवार से उठकर बैंजामिल डिजराइली जब इंग्लैंड के संसद-सदस्य बने तो अन्य साथियों ने उनकी बड़ी उपेक्षा की। यहां तक कि वे जब बोलने के लिए उठते तो उन्हें बोलने भी नहीं दिया जाता था।

पर इन परिस्थितियों में भी डिजरायली ने अपने लक्ष्य को नहीं छोड़ा। उसके प्रति अपनी दृढ़ निष्ठा को व्यक्त करते हुए उन सदस्यों से कहते जो उनके भाषण में व्यवधान डाला करते थे- 'आपको एक दिन मेरी बातें अवश्य सुनना पड़ेंगी।' यह डिजरायली नहीं बल्कि उनका आत्मविश्वास बोल रहा था। उन्हें अपनी आंतरिक शक्तियों पर विश्वास था कि वे अपना उचित मूल्यांकन करना जानते थे और इसी का परिणाम है कि प्रयत्न और पुरुषार्थ के बल पर एक दिन वे इंग्लैंड के प्रधानमंत्री पद तक जा पहुंचे और जो लोग उनका उपहास किया करते थे, वे ही उनके प्रशंसक और गुणगान करने वाले बन गए।

प्रत्येक व्यक्ति को यह मानकर चलना चाहिए कि परमात्मा ने उसे मनुष्य के रूप में बनाया है और इस रूप में बनाते समय उसने मनुष्य की चेतना में सभी संभावनाओं के बीज डाल दिए हैं तथा उनके अंकुरित होने की क्षमताएं भी डाल दीं। पर प्राय: देखने में आया है कि हममें से अधिकांश व्यक्ति अपनी उन सुषुप्त क्षमताओं और संभावना के बीजों को विकसित तथा अंकुरित करने की चेष्टा तो दूर रही उनके संबंध में विचार तक करना नहीं चाहते। कई बार ऐसी परिस्थितियां आती हैं जिन्हें अनपेक्षित कहा जा सकता है और उनका उपयोग करने में हम संकोच करने लगते हैं। एक घटना नेपोलियन के एक सैनिक से संबंधित है। कहा जाता है कि उस सैनिक को नेपोलियन के पास कोई महत्वपूर्ण संदेश लेकर भेजा गया था। संदेश इतना महत्वपूर्ण था कि जितनी जल्दी हो सके पहुंचाने की बात भी उसके साथ जुड़ी हुई थी। सौंपे गए दायित्व को तत्परता से पूरा करने के लिए उस सैनिक ने अपना घोड़ा बड़ी तेजी से दौड़ाया कि गंतव्य स्थल तक पहुंचते ही उसके घोड़े ने दम तोड़ दिया। नेपोलियन ने उसकी कर्तव्यनिष्ठा को सराहा तथा पत्र का उत्तर लेकर उसी शीघ्रता से ले जाने

को कहा जबकि नेपोलियन को मालूम था कि सैनिक का घोड़ा मर चुका है। अतः वह बोला- यह लो मेरा घोड़ा और जल्दी से यह उत्तर ले जाओ। सैनिक भौंचक्का होकर अपने सेनापति की ओर देखने लगा। लेकिन श्रीमान..... सिपाही अपनी बात पूरी भी नहीं कर पाया था कि नेपालियन ने बीच में ही टोकते हुए उसे कहा- मैं जानता हूं कि तुम क्या कहना चाहते हो मगर यह याद रखो दुनिया का ऐसा कोई घोड़ा नहीं जिसकी तुम सवारी न कर सको। वस्तुतः हमें उतनी ही सफलताएं या उपलब्धियां मिलती हैं जितनी कि हम चाहते हैं। चाहने को तो लोग न जाने क्या-क्या चाहते हैं, आकांक्षाएं और इच्छाएं रखते हैं। मगर ऐसा चाहना अलग बात है और उसका वैसा ही फलित हो जाना अलग बात है। हम चाहते तो हैं कि हमारे पास खूब संपत्ति हो परंतु सौ में से दस प्रतिशत के मन में भी संपत्तिवान बनने की आकांक्षा नहीं होती क्योंकि उन्हें विश्वास ही नहीं होता कि वे संपत्तिशाली भी बन सकते हैं।

इस संसार में मनुष्य के लिए न तो कोई वस्तु या उपलब्धि अलभ्य है तथा न ही कोई व्यक्ति किसी प्रकार अयोग्य। अयोग्यता है तो वह इतनी भर कि वह स्वयं अपने को उस उपलब्धि के योग्य अनुभव नहीं करता। यदि अपनी क्षमताओं को पहचानकर उनका विकास किया जाए तथा आत्मीयता की संजीवनी द्वारा उन्हें जीवंत बनाया जाए तो मनुष्य परमात्मा का राजकुमार कहलाने की स्थिति प्राप्त कर सकता है।

एक बार गांधीजी इलाहाबाद में आनंदभवन में ठहरे। सुबह गांधीजी हाथ-मुंह धो रहे थे और जवाहरलालजी पास खड़े बातें कर रहे थे। कुल्ला करने के लिए गांधीजी ने जितना पानी लिया वह समाप्त हो गया तो उन्हें दूसरी बार फिर लेना पड़ा। गांधीजी बड़े खिन्न हुए और बातचीत का सिलसिला टूट गया। जवाहरलालजी ने कारण पूछा तो उन्होंने कहा- मैंने पहला पानी ज्यादा खरच कर दिया और अब मुझे फिर पानी लेना पड़ रहा है। यह मेरी बड़ी भूल और लापरवाही है। इस पर जवाहरलालजी हंसते हुए बोले- यहां तो गंगा-यमुना दोनों बहती हैं। रेगिस्तान की तरह पानी कम थोड़ ही है। आप थोड़ा पानी अधिक भी खरच कर लें तो चिंता की क्या बात है ? गांधीजी ने कहा- गंगा-यमुना मेरे लिए ही तो नहीं बहतीं। प्रकृति में कोई भी चीज कितनी ही हो, मनुष्य को उसमें से उतना ही खरच करना चाहिए जितना उसके लिए आवश्यक हो।

महात्मा गांधीजी का यह चिंतन आज भी हमें बहुत बड़ी शिक्षा देता है। प्रकृति की वस्तुओं को बेकार में बर्बाद करके हम अपना बुरा ही कर रहे हैं।

संतोष गिरी
एम.एड.

मैथ्स से न रखें 36 का आंकड़ा

बचपन से लेकर बड़ी क्लासेस तक एक कॉमन चीज है जो अक्सर लोगों को डराती है। यह कोई भूत या हौव्वा नहीं बल्कि एक मजेदार सा सब्जेक्ट है मैथेमेटिक्स। कुछ लोग वाकई मैथ्स में कमजोर होते हैं तो कुछ इसकी कठिनता के बारे में सोच-सोचकर ही अपना विश्वास खो देते हैं। अगर आप इसमें अभी तक कमजोर भी रहे हों तो भी अभ्यास के बल पर आप इसमें आसानी से दक्षता हासिल कर सकते हैं।

बेसिक कॉन्सेप्ट्स पर जोर

मैथ्स पर कमांड बनाने के लिए जरूरी है कि बेसिक कॉन्सेप्ट्स पर आपकी पकड़ मजबूत हो। इन कॉन्सेप्ट्स को मजबूत करने के लिए चौथी-पांचवीं की किताबों से मैथ्स की शुरुआत करें। इस तरह आगे बढ़ते हुए 10वीं-12वीं की किताबों तक आएं। सीधे-सीधे बड़ी क्लास के कोर्स से शुरुआत करेंगे तो कठिनाई आएगी।

सीखें कुछ ट्रिक्स

मैथ्स की बड़ी-बड़ी कैलकुलेशंस को कुछ पलों में भी आसानी से हल किया जा सकता है। इसके लिए कई तरह की ट्रिक्स होती है। ये ट्रिक्स आपको प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करवाने वाले टीचर भी बता सकते हैं और नेट पर खुद भी खोज सकते हैं।

मिलेंगे अवसर

मैथ्स पर कमांड रखने वाले को प्रोफेशनल फील्ड में कहीं अधिक विकल्प मिल सकते हैं। आप अकाउंट्स, टीचिंग, बैंकिंग, स्टैटेस्टिकल सर्वेस जैसे तमाम फील्ड्स में औरों की तुलना में बढ़त हासिल कर सकते हैं। इसके अलावा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में भी मैथ्स जानने वाले फायदे में रहते हैं।

कोचिंग के विकल्प

मैथ्स को समझने के अलावा ढंग से समझा पाने की योग्यता आप यदि हासिल कर लेते हैं तो छोटी-बड़ी मैथ्स की कोचिंग क्लासेस में भी हाथ आजमा सकते हैं। इस फील्ड में हमेशा से अच्छा पैसा रहा है। अपनी योग्यता के अनुसार आप डिग्री लेवल तक के स्टूडेंट्स को भी मैथ्स की कोचिंग दे सकते हैं।

कैसे करें अभ्यास

मैथ्स पर कमांड तभी संभव है जब आप इसे समझने की कोशिश करें न कि रटने की। बहुत से लोग एक्जाम पास कर जाने के लिए सवाल रटकर जाते हैं। यह अप्रोच लंबे समय तक नहीं चल सकती। मैथ्स के कॉन्सेप्ट को सरल ढंग से समझने के बाद उससे जुड़े सवाल हल करें। सवालों के लिए भी कई किताबों की मदद लें। मैथ्स को समझने और समझाने के लिए इसे दैनिक जीवन से जोड़कर देखें।

हर्षलता मंडलोई
बी.एड.

कुछ अलग हटकर सोचें

हमारे समाज में कई ऐसे मुद्दे हैं जिनका समाधान जरूरी है। लेकिन इसके लिए पहले लोगों की सोच बदलना बेहद जरूरी है। उदाहरण के लिए हम सम्मेलनों और सभाओं में तो बेटी बचाने की बात करते हैं लेकिन धरातल पर हकीकत कुछ अलग ही है। आज भी बहुत से लोगों की ये सोच है कि बेटी को जन्म ही नहीं लेने दिया जाए। ऐसे में उन्हें सुरक्षित, शिक्षित और सशक्त करने के दावे तो सिर्फ दावे ही रह जाते हैं। यही वजह है कि देश में लिंगानुपात में अंतर लगातार बढ़ता जा रहा है। ऐसे में महिला सशक्तीकरण की बात हकीकत कम और फसाना ज्यादा लगती है। यदि इस स्थिति को बदलना है तो सभी को मिलकर कुछ अलग हटकर सोचना होगा और हर एक को अपने स्तर पर बदलाव की शुरुआत करना होगी। हमेशा दूसरों से कुछ अलग सोचना चाहिए और कुछ अलग हटकर करना भी चाहिए। हाल ही में मैंने डॉ. मोनिका शर्मा का ब्लॉग पढ़ा था जिसमें उनका मानना है कि हमेशा दूसरों से अलग हटकर सोचना चाहिए और कुछ अलग हटकर करना भी चाहिए। ब्लॉग में जहां बेटियों के अधिकारों की बात कही गई है वहीं राजनीति की गिरती गरिमा पर भी चिंता जाहिर की गई है। एक पोस्ट में उन्होंने लिखा था कि बेटियों को बचाना है तो दिखावा नहीं बल्कि कुछ कारगर कदम उठाना जरूरी है। इसकी शुरुआत इसी से हो सकती है कि किसी भी घर-परिवार में बेटी का जन्म बाधित न हो। हमारी अपनी मानसिकता और बेटियों के प्रति स्नेह व सम्मान का भाव यह परिवर्तन ला सकता है।

कृष्णा शिंदे
बी.एड.

माता-पिता

जो मात-पिता है पूज्य अरे, तुम उनको क्यों ठुकराते हो,

जिन्होंने तुमको पाला-पोसा, उनको ही क्यों अकड़ बताते हो।

बचपन में जब रोते देखा, तुम्हें गोद में उठा लिया,

थोड़ा भी देखा दुखी अगर, चूमा-पुचकारा प्यार किया।

उपकार अपार किए इन्होंने, क्या इन सबको तुम भूल गए,

स्वयं भूख सहकर मां ने तुमको भरपेट खिलाया है,

खुद तो गीले में सोई सूखे में तुमको सुलाया है

नस-नस में आंचल में जो दूध प्रवाहित होता है

क्यों उसे कलंकित करते हो

उन्होंने तुमको फूल बिछाए

तुम उनको क्यों कांटे देते हो

याद रखना सीख हमारी

जैसा तुम उनके साथ करोगे

संतान तुम्हारी वैसा ही तुम्हारे साथ करेगी।



लक्ष्मणसिंह चौहान
ग्रंथपाल

ज्ञान-प्रसार का साधन पुस्तकालय

पुस्तकालय की सहायता से ज्ञान में जो वृद्धि मिलती है वह किसी अन्य साधन से नहीं मिलती। वास्तव में शिक्षक तो विद्यार्थियों का केवल मार्गदर्शन ही करते हैं जबकि पुस्तकालय उन्हें पूरा ज्ञान उपलब्ध करवाता है। किसी भी विषय का पूर्ण ज्ञान प्राप्त करने के लिए किसी एक पुस्तक का अध्ययन कारगर नहीं होगा बल्कि उसके लिए कई पुस्तकों का अध्ययन जरूरी होगा। ऐसे में पुस्तकालय ही हमारी सहायता करते हैं।

पुस्तकालय मनुष्य को सत्संग की सुविधा भी प्रदान करता है। पुस्तक पढ़ते-पढ़ते कभी मनुष्य मन ही मन प्रसन्न हो उठता है तो कभी खिल-खिलाकर हंस भी पड़ता है। उत्तम पुस्तकों के अध्ययन से हमें मानसिक शांति प्राप्त होती है। उस समय संसार की समस्त समस्याओं, चिंताओं से पाठक मुक्त हो जाता है। पुस्तकालय हमेशा हमारे लिए नवीन साथियों की योजना करता है जिसके साथ चाहें आप बैठकर बातों का आनंद ले सकते हैं, चाहे वह शेक्सपिअर हो या कालिदास, न्यूटन हो या प्लेटो, अरस्तु, शंकराचार्य ही क्यों न हो।

आधुनिक युग में प्रायः मनोरंजन के अनेक साधन हैं। शाम को सिनेमाघरों में ऐसी भीड़ रहती है जैसे त्यौहारों पर मंदिरों में रहती है। कोई खेलने में ही व्यस्त है तो कोई दुर्व्यसनों का ही आनंद ले रहा है। कोई-कोई तो रेडियो पर ही कान लगाए बैठा रहता है। परंतु ये सभी मनोरंजन के साधन पुस्तकालय के सामने नगण्य हैं क्योंकि पुस्तकालय से मनोरंजन के साथ-साथ पाठक का ज्ञानवर्धक विकास भी होता है। हमारे अवकाश के क्षणों का जितना सुंदर उपयोग पुस्तकालयों में हो सकता है उतना किसी अन्य स्थान से नहीं। बुद्धिमान व्यक्ति सदैव श्रेष्ठ पुस्तकों के अवलोकन में ही अपने विश्राम के क्षणें का उपयोग करता है। अपने रिक्त समय को पुस्तकालयों में व्यतीत करना समय की सबसे बड़ी उपयोगिता है।

पुस्तकालय वास्तव में ज्ञान का अनंत भंडार है। देश की शिक्षित जनता के लिए उन्नति का सर्वोत्तम साधन पुस्तकालय ही है। भारतवर्ष में वैसे कई अच्छे पुस्तकालय हैं मगर फिर भी इनकी संख्या में बढ़ोतरी करने की सख्त आवश्यकता है जिसके लिए सरकारें प्रयत्नशील हैं।

नीतू निगवाल
बीएड

समाज के वास्तविक शिल्पकार शिक्षक

एक अच्छा शिल्पकार किसी भी प्रकार के पत्थर को तराशकर उसे सुंदर आकृति का रूप दे सकता है। किसी भी मूर्ति को तराशने में शिल्पकार की बड़ी भूमिका होती है। इसी प्रकार एक अच्छा कुम्हार वही होता है जो गीली मिट्टी को सही आकार प्रदान कर उसे समाज के लिए उपयोगी बर्तन अथवा एक सुंदर मूर्ति का रूप दे देता है, यदि शिल्पकार तथा कुम्हार द्वारा तैयार की गई मूर्ति एवं बर्तन सुंदर नहीं है तो वह जिस स्थान पर रखे जाएंगे उस स्थान को और अधिक विकृत स्वरूप ही प्रदान करेंगे।

एक शिल्पकार और कुम्हार की भांति ही स्कूलों एवं उसके शिक्षकों का यह प्रथम दायित्व एवं कर्तव्य है कि वह अपने यहां अध्ययनरत सभी बच्चों को इस प्रकार से सजाए और संवारे कि उनके द्वारा शिक्षित किए गए सभी बच्चे विश्व का प्रकाश बनकर सारे विश्व को अपनी रोशनी से प्रकाशित कर सकें।

इस प्रकार शिक्षक उस शिल्पकार या कुम्हार की भांति होता है जो प्रत्येक बालक को समाज की आवश्यकताओं के अनुरूप एक सुंदर आकृति का रूप प्रदान कर उसे समाज का प्रकाश अथवा उसे विकृत रूप प्रदान कर समाज का अंधकार बना सकता है।



दीपक वर्मा
बीएड

देशप्रेम

हमारे देश के एक महान संत स्वामी विवेकानंदजी एक बार अमेरिका गए। वे रेल में यात्रा कर रहे थे। हुआ यूं कि उन्हें खाने को फल नहीं मिला जबकि वे उन दिनों फलाहार पर ही थे। गाड़ी किसी स्टेशन पर रुकी तो उन्होंने वहां भी फल तलाश किए मगर नहीं मिले। तभी उनके मुंह से निकला अमेरिका में अच्छे फल नहीं मिलते। प्लेटफॉर्म पर खड़ा एक अमेरिकी युवक ने यह सुन लिया। वह भागा और कहीं दूर से एक टोकरी फल ले आया। उसने वे फल स्वामीजी को भेंट किए और कहा- लीजिए आपको फलों की जरूरत थी।

स्वामीजी ने सोचा वह कोई फल बेचने वाला होगा अतः उन्होंने उससे उन फलों के दाम पूछे। पर उसने दाम लेने से इंकार कर दिया। पर बहुत ही आग्रह करने पर उसने कहा- आप इनका मूल्य देना ही चाहते हो तो अपने देश में जाकर यह मत कहिएगा कि अमेरिका में अच्छे फल नहीं मिलते। स्वामीजी युवक का उत्तर सुनकर मुग्ध हो गए। उस युवक के विचारों से उसके देश का मान अपने आप बढ़ गया।

हम भी यह समझ लें कि हमारी हीनता और श्रेष्ठता का संबंध देश ही हीनता और श्रेष्ठता से जुड़ा हुआ है। जब हम कोई हीन या बुरा काम करते हैं तो हमारे माथे पर कलंक का टीका ही नहीं लगता बल्कि देश का भी सिर नीचा होता है और उसकी प्रतिष्ठा गिरती है। जब हम कोई अच्छा या भला काम करते हैं तो उससे हमारा ही सिर ऊंचा नहीं होता बल्कि देश का भी सिर ऊंचा होता है और उसका गौरव बढ़ता है। इसलिए हमें ऐसा कोई कार्य नहीं करना चाहिए जिससे देश की प्रतिष्ठा पर आंच आए या उसे कोई ठेस पहुंचे।

गायत्री चौहान
बी.एड.

भ्रूण हत्या

अपने हिस्से का जीवन जीना चाहती हूं
दुनिया के रंग, दुनिया के संग
मैं भी जीना चाहती हूं।
मां मैं कोख में तेरी आई
फिर जन्म क्यों न ले पाई।
न कोई जाने मेरा मर्म,
मेरी कब्र बन गया कैसा तेरा गर्भ
अस्तित्व अपना मिटने पर भी
आंसू तक न बहा पाई
दुर्दशा देखकर मेरी तो
ब्रह्मा भी पछताया होगा
संग मुझे ले जाते हुए
यमराज भी थर्राया होगा।
जन्म लेने दो मुझे भी
बेटे से बढ़कर दिखाऊंगी
घर के सुख क्या चीज हैं
तोड़ आसमां के तारे लाऊंगी
अगर बेट मरवाओगे
ममता मां की कैसे पाओगे
खो जाएगा कहीं बहन का प्यार
दुलार किस पर बरसाओगे
अंतिम संदेश यह है मेरा
बचाओ जीवन अजन्मी बिटिया का
अस्तित्व वर्ना मिट जाएगा
इस दुनिया से मानव का।

महेश यादव

जाने कैसा नाता

इस दिल का उस दिल से जाने कैसा नाता है
तकलीफ में देख मुझे उसका दिल भर आता है
सुना है बचपन में न सोती थी वो मुझे रोता देख
आज भी मेरी खुशी की दुआ मांगती है वो
दर्द मेरा उससे कहां सहा जाता है ?
तकलीफ में देख मुझे उसका दिल भर आता है
सारा दिन चिंता में सारी रात दुआओं में गुजार देती है वो
जब मालूम उसे पड़ता है तकलीफ में हूं मैं
मेरा सारा दर्द मानो उसकी आंखों में आ जाता है
मेरी एक हंसी के लिए अपने सारे सुख वार देगी वो
खुशियां ऐसे लाएगी जैसे रोशनी सूरज लाता है
दुख मेरा उसे देखते ही अंधेरे में कहीं खो जाता है
तकलीफ में देख मुझे उसका दिल भर आता है
आज उसकी कमजोर आंखों को देख सोचा मैंने
क्यों इनमें इतना प्यार नजर आता है ?
बचपन से अब तक सब हो गया है परिवर्तन इतना
फिर क्यों इन आंखों में कोई बदलाव नजर नहीं आता है ?
तकलीफ में देख मुझे उसका दिल भर आता है
सुना है वक्त के हाथों से कोई नहीं बच पाया है
तो क्या उसका भी साया छिन जाएगा ?
जब-जब भी खयाल आया, तब-तब मन घबराया है
क्या उसकी कमी को पूरा करने के लिए
भगवान ने किसी और को बनाया है ?
कहां से लाऊं उसके जैसा कोई
उस जैसा सिर्फ उसे ही पाया है
उसके बाद कौन देगा आंचल अपना रोने को ?
जब भी देखती है वो मुझे ममता भरी निगाहों से
मन सवालों की किसी आंधी में खो जाता है
क्या कोई और है मां तेरे ही जैसा
तकलीफ में देख मुझे उसका दिल भर आता है

आर.एन. गर्ग
सचिव

कैसा शासन, बिना अनुशासन

जैसा कि हम सभी जानते हैं और मानते भी हैं कि मानव इस सृष्टि की सर्वोत्तम रचना है। अपने कर्तव्यों का उचित निर्वाह करने वाला वास्तव में मानव ही है। कोई भी देश अपने नागरिकों के कारण ही उन्नति के शिखर पर चढ़ता है या पतन के गर्त में गिरता है। इसलिए किसी भी राष्ट्र की उन्नति के लिए वहां के नागरिकों को अनुशासनबद्ध रहना चाहिए।

अनुशासन शब्द शासन में 'अनु' उपसर्ग लगाने से बनता है। अनु का अर्थ है बाद में या पीछे जबकि शासन का अर्थ है विधान, कानून, नियम आदि। अतः सामान्य मानवीय नियमों के अनुसार चलना ही अनुशासन है। अनुशासन चाहे किसी भी क्षेत्र का हो इसका महत्व अपार है। मेरी समझ से तो अनुशासन जीवन का एक वरदान है। अनुशासन के बिना मनुष्य ऐसे ही है जैसे इंजन के बिना गाड़ी और ब्रेक के बिना इंजन।

अगर हम सभी गौर करें तो देखेंगे कि स्वयं प्रकृति भी अनुशासन पालन करने का उपदेश देती है। सूर्य, चंद्रमा, तारे और ऋतुएं सभी एक अनुशासनबद्ध तरीके से उदित एवं अस्त होते हैं। इतिहास भी इस बात का साक्षी है कि अनुशासन ही विकास का द्वार है। बाबर की अनुशासित सेना ने इब्राहिम लोधी की विशाल सेना को बुरी तरह हराया था। अनुशासन के बिना तो सेना भी एक बर्बर भीड़ के ही समान है। अतः अनुशासन का महत्व स्वयंसिद्ध है।

अब प्रश्न यह उठता है कि बच्चों में अनुशासनहीनता की समस्या का कारण क्या है ? सर्वप्रथम कारण यह है कि माता-पिता का अनुचित लाड़-प्यार। आज बच्चा अपने घर से ही उचित संस्कार प्राप्त नहीं कर पाता। फलस्वरूप बड़ा होकर उसमें अनुशासनहीनता घर कर जाती है। दूसरा कारण है आधुनिक शिक्षा का व्यावहारिक जीवन से अलग होना। बच्चे जो कुछ सीखते हैं, पढ़ते हैं वास्तविक जीवन का उससे कोई संबंध नहीं होता। बड़ी-बड़ी डिग्रियां प्राप्त करके भी वे स्वयं को सामाजिक जीवन के अनुरूप नहीं ढाल पाते। इसी से अनुशासनहीनता जन्म लेती है। इसलिए यदि हम अनुशासनहीनता को समाप्त करना चाहते हैं तो उपरोक्त दोनों कारणों की ओर ध्यान देना होगा। एक बच्चों को बचपन से ही उचित और अच्छे संस्कार देने होंगे दूसरा शिक्षा में समुचित सुधार करना होंगे।

आज का मानव अपने आप को तनावग्रस्त महसूस करता है। तनाव से उबरने के लिए उसे अनुशासन की बहुत आवश्यकता है। यदि हम अभी भी अनुशासन के महत्व को नहीं समझेंगे तो इसके बहुत बुरे परिणाम होंगे। हमारी स्वतंत्रता खतरे में पड़ जाएगी। इसी विषय में हम सभी को सावधान करते हुए हरिकृष्ण प्रेमीजी ने कहा है कि देश को बलयुक्त करने यदि न चले अनुशासन में हमतो कल होगा फिर हमें दासतां की जंजीर पहननाहै सरल आजाद होना पर कठिन है आजाद रहना। ये पंक्तियां बताती हैं कि स्वतंत्रता स्थाई रखने के लिए अनुशासन कितना महत्वपूर्ण और आवश्यक है। अंत में मैं सभी भारतवासियों से विनयपूर्वक अनुरोध कर रहा हूं कि अनुशासन को न भुलाएं बल्कि इसे अपना ही अंग समझकर सदा इसका पालन करें, इसके साथ चलें और अनुशासनहीनता को जड़ से उखाड़ फेंकें।



दीपक पाटीदार
बी.एड.

रक्षा करें मेरे वतन की

क्या इसकी शान में कहूं तुमको
यह ताज है ऐसा पहनूं
इसे मिटाने वाला खुद कहता
भारत की ताकत के क्या कहने।
इसने जन्म दिया राम को महावीर को
कान्हा ने माखन यहीं चुराया।
रसखान ने देखा महारास को
गांधी ने नमक यहीं बनाया।
आजादी का पावन गहना
हमने इसको पहनाया है।
तीन रंग का आंचल मां का
भारत भू पर लहराया है।
किन हाथों ने जकड़ा है
प्रजातंत्र के महाजाल में
देश बना कोई मकड़ा है
रीढ़ की हड्डी लगे तोड़ने
वो गद्दार कहो है कौन ?
बाबू क्यों पाषाण बने ?
कब तोड़ोगे अपना मौन ?

नेहा गुप्ता
बी.एड.

परीक्षा की रात

अंधेरी रात में पुस्तक ले हाथ में

पढ़ने की ताक में बैठी थी मैं

सर पर था इम्तिहान टूट रहा था आसमान

आफत में थी मेरी जान, क्या पढ़ूं, क्या न पढ़ूं ?

मौज उड़ाई पूरा साल, अब था मेरा बुरा हाल

बिगड़ने को था मेरा साल, दिल कहता था बार-बार

दिमाग कहता था चढ़ा बुखार

दिल कहता था बार-बार।

हे प्रभू, अबकी कर दो बेड़ा पार

फिर न करूंगी ऐसा धमाल

पढ़ाई करूंगी पूरा साल।

कोमल पाटीदार
बी.एड.

वीर

संकटों से वीर घबराते नहीं
आपदाएं देख छिप जाते नहीं
काम करके व्यर्थ पछताते नहीं।
हो सरल अथवा कठिन हो रास्ता
कर्मवीरों को न इससे वास्ता
बढ़ चले अंत तक ही बढ़ चले
कठिन पथ को देख मुस्कुराते सदा
संकटों के बीच वे गाते सदा
है असंभव कुछ नहीं उनके लिए
सरल-संभव कर दिखाते वे सदा
यह असंभव कायरों का शब्द है
कहा था नेपोलियन ने एक दिन
सच बताऊं जिंदगी ही व्यर्थ है-
दर्प बिन, उत्साह बिन और शक्ति बिन।

सीमा सावनेर
एम.एड.

अच्छा व्यवहार परमात्मा की देन है

इस दुनिया में संतुष्ट और सुखी जीवन के लिए व्यवहारकुशल होना बहुत जरूरी है। हमारा विनम्र व्यवहार हमारी योग्यता दर्शाता है। हमारी सोच का इस पर विशेष प्रभाव पड़ता है। हम आज तक जहां पहुंचे हैं और उन्नति की है उसमें हमारे व्यवहार का विशेष प्रभाव रहा है। अच्छे व्यवहार से मित्रता बढ़ती है और मित्रता जीवन में एक सुदृढ़ शक्ति के रूप में हमारे साथ रहती है। ज्ञानवान मित्र जीवन के लिए हमेशा वरदान रहे हैं, इसलिए हमें अपने मित्रों का सम्मान करना चाहिए। आवश्यकता पड़ने पर एक-दूसरे की सहायता करनी चाहिए। लेकिन कुछ लोग जीवन में ऐसे आते हैं जिनका व्यवहार अच्छा नहीं होता। ऐसे लोगों से एक निश्चित दूरी बनाए रखेंगे तो ही अच्छा होगा। ऐसे लोगों में न तो व्यवहार मिलता है और न ही प्रेम में शुद्धता ही रहती है। रिश्तों की नींव सोच-समझकर रखें। कुछ लोग तो संबंधों की गहराई को अच्छे से समझते हैं मगर कुछ लोगों को इसका अहसास तक नहीं होता। समस्याओं के घेरे में उलझा व्यक्ति अच्छा या बुरा व्यवहार करता है यह स्वाभाविक है लेकिन अपनी नम्रता और प्रतिभा को अपनाते हुए रिश्तों को निभाएं। हमारे व्यवहार और विचारों में अंशमात्र की भी बुराई नहीं होना चाहिए। मन जीवन की राह बनाता है। अच्छा व्यवहार और विचार अच्छे पुष्पों को चुनता है। इसको कार्यरूप में परिणित करना एक माला गूंथने के समान है।

हम जो बोएंगे वही काटेंगे यही सिद्धांत है। हमसे गलतियां तो होती ही रहती हैं। गलतियां कभी भी ज्ञान की नहीं होती बल्कि हमारे निर्णय की होती हैं। गलतियों से सीखें और प्रयास करें खाई को पाटने का। अपने अच्छे विचारों और मधुर व्यवहार से सभी को अपना बनाने का प्रयास लगातार होना चाहिए। हम जहां हों अपने कुशल व्यवहार से खुशनुमा वातावरण बनाएं और चारों तरफ खुशियां बिखेरें।

शैफाली सिंह

भारतीय नारी की कहानी

बचपन से ही हमें पढ़ाया जाता है कि जहां नारी की पूजा होती है वहां देवता निवास करते हैं लेकिन आज हम देखते हैं कि नारी का हर जगह अपमान हो रहा है। उसे वस्तु समझकर आदमी अपनी तरह से इस्तेमाल कर रहा है। जिस देश में नारी सम्मान की बात की जाती है उसी देश में उनके साथ छेड़छाड़, कुकर्म, घरेलू हिंसा जैसी घटनाएं होती रहती हैं। छोटी बच्चियां भी शरीरिक शोषण और बलात्कार का शिकार हो रही हैं। ऐसे में देश की आधी आबादी कही जाने वाली नारी की सुरक्षा और सम्मान एक चुनौती बन गई है। आज भी नारी न तो अबला है, न लाचार और न ही कमजोर। उसे अपने पैरों पर खड़ी होकर जीवन जीने का अधिकार है मगर पुरुष प्रधान समाज उसकी राह में रोड़े अटकाने से बाज नहीं आता है। ऐसे में महिलाओं को उनके अधिकार दिलाने के लिए कोई ठोस कदम उठाने की सख्त आवश्यकता है। आज नारी सशक्तीकरण पर कई ब्लॉग लिखे जा रहे हैं जिसमें नारी के साथ हो रहे अत्याचार के प्रति विरोध भी जताया जा रहा है और चुनौतियों का सामना करने के लिए उपाय भी खोजे जा रहे हैं। ब्लॉगों के माध्यम से कविताओं और लेखों के माध्यम से संस्कारों और परोपकारों की प्रतिमूर्ति कहलाने वाली नारी की आवाज को उठाने का प्रयास किया गया है। एक ब्लॉग में कविता के माध्यम से उस स्त्री की मनोदशा का वर्णन किया गया है जिसकी स्वयं की कोई इच्छा नहीं रहती बल्कि वह पति को खुश करने के लिए जीती है। एक अन्य कविता में कहा गया है कि आदमी लगातार औरतों पर जुल्म तो कर रहे हैं मगर वह उन्हें कबूलना भी नहीं चाहते। ऐसे कई प्रयासों से नारी को उसका असली स्थान दिलाने के प्रयास हो रहे हैं। काश वह दिन भी आए जब नारी को उसका असली सम्मान और दर्जा मिलेगा।

असलम खान

जीवन में तीन चीजों का महत्व

समय, बोले गए शब्द और अवसर- ये तीनों चीजें ऐसी हैं जो जीवन में एक बार जाने के बाद कभी वापस नहीं आती।

धैर्य, आशा और ईमानदारी- ये तीन चीजें मनुष्य को जीवन में कभी नहीं खोना चाहिए।

प्यार, आत्मविश्वास और सच्चे दोस्त- ये तीन चीजें जीवन में अतिमहत्वपूर्ण हैं।

परिश्रम, तन्मयता और वचनबद्धता- ये तीन चीजें मनुष्य जीवन को सर्वश्रेष्ठ बनाती हैं।

चिंता, अहंकार और क्रोध- ये तीन चीजें मनुष्य जीवन को पूर्णतः नष्ट कर देती हैं।

GOD ये तीन अक्षर ईश्वर हैं।

अर्थात

G for Genretor अर्थात पैदा करने वाला।

O for Opretor अर्थात संचालन करने वाला तथा

D for Director अर्थात निर्देशित करने वाला।

इन तीन अक्षरों में हमेशा विश्वास रखना चाहिए क्योंकि ईश्वर ही हमें शक्ति देता है, चलाता है और निर्देशित भी करता है।

डॉ. वैशाली तिवारी
सहायक प्राध्यापक

शिक्षण प्रभावशीलता

किसी भी शिक्षण प्रणाली के उद्देश्यों की प्राप्ति में शिक्षक-विद्यार्थियों एवं पाठ्यक्रम तीनों अवयवों का अलग-अलग एवं सम्मिलित योगदान महत्वपूर्ण होता है। इनमें से एक की भी अनुपस्थिति शिक्षा प्रणाली को अधूरा स्वरूप प्रदान करती है तथा एक के भी अहसयोग होने पर भौतिक उद्देश्यों की प्राप्ति असंभव है। इसके अतिरिक्त शिक्षण अधिगम उद्देश्य, शिक्षण विधियां एवं शैक्षिक तथा सामाजिक वातावरण कुछ अन्य आधारभूत तत्व हैं जो शिक्षण एवं अधिगम को सफल एवं सौदेश्य बनाने में महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करते हैं। शिक्षण को प्रभावी बनाने में इनका महत्वपूर्ण योगदान है।

अत: शिक्षण प्रभावशीलता से तात्पर्य सीधे अर्थ में यही होगा कि छात्र के अधिगम की प्रक्रिया को किस प्रकार प्रभावशीलता बनाया जाए। जिससे यह अधिकाधिक अनुभव प्राप्त कर उन्हें अपने व्यवहार में ढाले। शिक्षण प्रक्रिया में शिक्षक छात्र को सूचना प्रदान करने के लिए विभिन्न प्रविधियों का उचित समय पर प्रयोग कर उसे प्रभावी बनाता है। शिक्षण प्रभावशील होने से छात्रों को विषयवस्तु सरलता से शीघ्र समझ में आती है तथा अधिक समय तक अधिक सामग्री स्मरण में रहती है। शिक्षण प्रभावी होने के लिए आवश्यक है कि शिक्षक विषय-वस्तु को सुनियोजित कर पाठ योजना बनाकर पढ़ाए। पाठ नियोजित करते समय पाठ के सामान्य एवं विशिष्ट उद्देश्य अत्यंत स्पष्ट होने चाहिए। विषय-वस्तु शिक्षण के सिद्धांतों के आधार पर सुनियोजित करनी चाहिए। जैसे ज्ञात से अज्ञात की ओर, सरल से कठिन, जटिल की ओर तथा स्थूल से सूक्ष्म की ओर प्रवाहमान होनी चाहिए। पाठ शिक्षण की विधियां, प्रविधियां तथा तकनीकियां विषय-वस्तु के संगत हो जो छात्रों में मौलिक चिंतन का विकास करती हों। विषय-वस्तु को समझाने में सरल व संगत बनाने के लिए सहायक सामग्री का समुचित उपयोग किया गया हो तथा विधिवत मूल्यांकन कर यह जानने का प्रयास किया गया हो कि छात्रों की उपलब्धि का स्तर क्या है ? उनकी कठिनाइयों को दूर करने के लिए निदानात्मक कार्यक्रम भी सम्मिलित किया जाना चाहिए। एक प्रभावी शिक्षक उसे कहते हैं जो छात्रों में मौलिक कौशलों, अवबोध उपयुक्त कार्य आदतें, वांछित अभिव्यक्ति मूल्यों की परख एवं उपयुक्त व्यक्तिगत समायोजन विकसित करता है।

शिक्षण प्रभावशीलता से तात्पर्य है प्रभावक रूप से प्रस्तुतिकरण अर्थात पूर्व निर्धारित उद्देश्यों तथा वांछित व्यवहारगत परिवर्तनों की सरल, सुगम तथा वस्तुनिष्ठ रूप से प्राप्ति हेतु ऐसे शिक्षण जो रोचक हो, आकर्षक हो तथा छात्रों को पुनर्बलन प्रदान करता रहे, प्रभावी समझा जाता है।

शिक्षण प्रभावशीलता के कारक

1. वैयक्तिक विभिन्नताएं
2. शिक्षण उद्देश्य
3. कक्षा की संवेगात्मक स्थिति
4. शिक्षण का व्यक्तित्व एवं कुशलता
5. परिणामों की शीघ्र जानकारी
6. भौतिक संसाधन एवं भौतिक सामग्री
7. परिवार का वातावरण
8. पाठ्यक्रम
9. विद्यालय का वातावरण
10. शिक्षण विधियां
11. कक्षा प्रबंधन
12. शिक्षण क्रियाओं का नियोजन
13. अभिप्रेरणा और मार्गदर्शन

पूर्व निर्धारित उद्देश्यों तथा वांछित व्यवहारगत परिवर्ततनों की सरल, सुगम तथा वस्तुनिष्ठ रूप से प्राप्ति हेतु ऐसे शिक्षण जो रोचक हो, आकर्षक हो तथा छात्रों को पुनर्बलन प्रदान करे, प्रभाव समझा जाता है।



मुकेश छटिये
बी.एड.

सबको साथ लेकर चलें

अगर आप अपने अंदर लीडरशिप क्वालिटी विकसित करना चाहते हैं तो आपको अपनी कमियों पर गौर करना होगा और दूसरों की अच्छाइयों को प्रोत्साहित करना होगा। हो सकता है कि आपके टीम मेंबर्स अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हों पर यह आपका दायित्व है कि उन्हें प्रेरित करें, उनमें जोश भरें। इसके लिए जरूरी है कि आप अपने दायरे से बाहर निकलें। खुद को आईने के सामने रखकर पता करते रहें कि मैं खुद में डूबा इंसान तो नहीं हूं। खुद को प्यार करना अच्छा है लेकिन दूसरों को कमतर आंकने से बचें। अगर आप खुद सकारात्मक नहीं हैं तो टीम में आत्मविश्वास कहां से आएगा? इससे आप रिजल्ट्स तक तो पहुंच नहीं पाएंगे बल्कि अपने दुश्मन जरूर पैदा कर लेंगे। क्या आप चाहते हैं कि टीम मेंबर्स आपके सामने तारीफों के पुल बांधें और पीठ पीछे आपको कमजोर करने की प्लानिंग करें। अगर ऐसा नहीं चाहते तो टीम के सदस्यों का सच्चा हितैषी बनें, उनके काम का सही तरीके से विश्लेषण करें। कोई भी व्यक्ति आत्ममुग्ध तभी हो सकता है जब वह असुरक्षा की भावना से ग्रस्त हो। आप लीडर हैं आपको हर बाधा को पार करना है। आपको खुद को पोषित करने की भावना छोड़ देनी चाहिए। इस बात को भी हमेशा हमेशा के लिए दिमाग से निकाल दें कि आप ही सर्वश्रेष्ठ हैं।

मनोज कुमार कौशले
सहायक प्राध्यापक

शिक्षक की जिम्मेदारी ही उसकी गरिमा

शिक्षा की महत्ता, गरिमा, उपयोगिता और आवश्यकता का वर्णन अनादिकाल से लेकर अब तक के सभी मनीषियों ने पूरा जोर देते हुए किया है। यही कारण है कि `विद्या से अमृत प्राप्त होने' जैसे सूत्रों का प्रचलन हुआ। सरस्वती पूजन प्रकारांतर से विद्या की ही अभ्यर्थना है। गणेश पूजन भी इसी संदर्भ में किया जाता है। विद्वान सर्वत्र पूजे जाते हैं जबकि शासन अधिकारी केवल अपने क्षेत्र में ही पूजे जाते हैं। धन-संपत्ति जिस-तिस प्रकार खर्च होती, चुराई जाती, नष्ट की जाती भी देखी जाती है किंतु ज्ञान संपदा बांटने पर यह अन्य पदार्थों की भांति घटती नहीं है बल्कि और अधिक बढ़ती ही जाती है तथा संस्कारों के रूप में यह जन्म-जन्मांतरों तक कायम रहती है।

विद्यादान को सर्वोत्कृष्ट दान माना गया है। अन्न, वस्त्र, औषधि, धन आदि के अनुदान कष्ट-पीड़ितों एवं अभावग्रस्तों की सामयिक सहायता भर करते हैं। इससे तत्काल राहत तो मिल जाती है जो आवश्यक भी है मगर चिरस्थाई समाधान इतनेभर से कतई नहीं होता। इसके लिए श्रमशीलता, दूरदर्शिता, सूझबूझ के सहारे स्वावलंबन के चिरस्थाई प्रबंध करने होते हैं। यह सब योग्यता और प्रतिभा के सहारे ही किया जा सकता है। स्पष्ट है कि स्थिर समाधान के लिए सुविकसित, समुन्नत स्तर पाने के लिए शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इन आधारों के सहारे स्वयं भी पार हुआ जा सकता है और अपनी नाव में बिठाकर औरों को भी पार किया जा सकता है। छात्र शिक्षा के साथ-साथ ऐसा कुछ सीखता रहे जिससे बिना नौकरी खोजे वह अपने क्षेत्र में, अपने बलबूते पर अपनी आजीविका चला सके। दूसरा महत्वपूर्ण पक्ष है- सुसंस्कारिता संवर्धन की विद्या। विद्यार्थी में इसे गहराई से जमाने-सींचने के लिए आज की परिस्थितियों में अकेला अध्यापक वर्ग भी बिना किसी बाहरी सहायता के बहुत कुछ करके दिखा सकता है। इस सचाई

को चरितार्थ कर दिखाने वाले अनेक उदाहरण मौजूद हैं। अध्यापक को अपनी गरिमा समझने और चरितार्थ कर दिखाने में वर्तमान परिस्थितियां भी बाधा नहीं पहुंचा सकती। जहां शिक्षणतंत्र के वेतन, सुविधा-साधनों को बढ़ाए जाने की बात है वहां तक तो अधिकाधिक साधन जुटाने का समर्थन ही किया जाएगा। पर इसमें यदि कुछ कमी रहे, अड़चन पड़े तो भी यह तो हो ही सकता है कि अध्यापकगण अपनी गुरु-गरिमा को अपने ही बलबूते बनाए रहें और अपने गौरव का महत्व अनुभव करते हुए बढ़ते चलें। शिक्षा एक प्रतिपादन है जबकि उसका मूर्तरूप शिक्षक है। माता, पिता और गुरु को त्रिदेव की उपमा दी गई है। इनमें से माता तो जन्म देती है, पिता पोषण करता है और गुरु तो नर को शिक्षा-दीक्षा से अलंकृत कर नर-देवों की पंक्ति में बिठा देता है। इसीलिए उसके लिए अधिक श्रद्धा व्यक्त की गई है, उसको आदर-मान आदि दिया गया है। परंतु गरिमा के अनुरूप शिक्षक को अपना स्तर ऐसे सांचे के सदृश बनाना चाहिए जिसके संपर्क में आने वाले कच्ची मिट्टी जैसे मनमोहक खिलौनों के रूप में ढलते चले जाएं। ऐसा कर पाने पर ही यह अपेक्षा की जाती है कि न केवल छात्र अभिभावकों का समुदाय वरन सारा समाज उन्हें भावभरी श्रद्धा प्रदान करेगा और उनका आदेश मानने में पीछे नहीं रहेगा।

शिक्षा को स्कूली पाठ्यक्रम कहा जाए तो सुसंस्कारिता संवर्धन से संबंधित सभी प्रयासों को दीक्षा कहना होगा। स्कूली पढ़ाई पूरी कराना तो आवश्यक है ही। इसे वेतन के लिए किया गया परिश्रम भी माना जा सकता है पर बात इतने तक सीमित नहीं समझी जा सकती। करणीय यह भी है कि जिस प्रकार माता-पिता बच्चों के प्रति भावनाशील और प्रयत्नरत रहते हैं उसी प्रकार अध्यापक भी अपने संपर्क के छात्रों में शालीनता, सज्जनता, श्रमशीलता, जिम्मेदारी, बहादुरी, ईमानदारी और समझदारी जैसी सत्प्रवृत्तियों को विकसित करने में कसर न रखें। यह प्रयास भी उनकी वह सेवा होगी जिसके आधार पर सुविकसित नई पीढ़ी को समाज के नवनिर्माण का श्रेय-सुयोग मिलेगा। इन्हीं प्रयत्नों में निरत रहने वाले शिक्षक समूचे समाज को अपना ऋणी बना सकते हैं। स्वयं ही अपनी गरिमा में भी चार चांद लगा सकते हैं।

ज्योति गहलोत
बी.एड.

बच्चों को मिले शिक्षा की ताकत

आर्थिक दिक्कतों के कारण पढ़ाई छोड़ देने वालों को शिक्षा से जोड़ने का कार्यक्रम लाने की बात केंद्र सरकार ने कही है। कुछ लोग ऐसे भी हैं जो इस समस्या को महसूस करते हुए अपने हिस्से का योगदान कर रहे हैं। आंध्रप्रदेश की कडप्पा निवासी इंदु बख्शी दत्ता उनमें से एक है। शिक्षा के महत्व को समझने वाली इंदु आर्थिक रूप से पिछड़े बच्चों को शिक्षित बना रही हैं।

कैसे हुई शुरुआत

इंदु के घर में काम करने वाली नौकरानी के बच्चों के परीक्षा में खराब प्रदर्शन की वजह से उनके स्कूल छोड़ने की नौबत आ गई थी। यहीं से इंदु को इन बच्चों के लिए कुछ करने का ख्याल आया। इसी तरह शुरू हुई उनकी एशिया ट्यूशंस। आज इन क्लासेस में दूसरी कक्षा से लेकर छठी कक्षा तक के स्टूडेंट्स मुफ्त में ट्यूशंस लेते हैं।

बुक्स भी उपलब्ध करवाती हैं

इन क्लासेस में आने वाले बच्चों को हर सब्जेक्ट के होमवर्क से लेकर एक्जाम्स की तैयारी तक करवाई जाती है। उन्हें स्टेशनरी का सामान तथा रेफरेंस बुक्स भी उपलब्ध करवाई जाती है। पिछड़ों पर ध्यान

इंदु लेबर लॉ एंड पर्सनल लॉ की पढ़ाई कर चुकी हैं। अपने बच्चों की पढ़ाई में मदद करते हुए वे समझ पाती हैं कि कम पढ़े-लिखे या अनपढ़ मां-बाप को बच्चों को पढ़ाने में कितनी दिक्कत आती होगी। वे उन पर खास ध्यान देती हैं।

एक खास सोच

इन मुफ्त ट्यूशन क्लासेस को शुरू करने के पीछे इंदु की एक खास सोच है। वे कहती हैं- मेरे हिसाब से हर बच्चे में बेहद अच्छा प्रदर्शन करने की क्षमता छिपी है। उसे जरूरत है बस उचित मार्गदर्शन की। मैं बस यही करने की कोशिश कर रही हूं ताकि आने वाले समय में ये शिक्षित और आत्मनिर्भर बन सकें।

पैसा नहीं है लक्ष्य

फ्री कोचिंग क्लासेस चलाने वाली इंदु का कहना है कि उनका लक्ष्य पैसा कमाना नहीं है इसलिए वे इस काम में किसी से एक पैसे की मदद नहीं लेतीं। उनका लक्ष्य अपने समाज के आर्थिक रूप से पिछड़े बच्चों को शिक्षित बनाना है। बस वे इतनी उम्मीद करती हैं कि लोग अपने आसपास के गरीब बच्चों को पढ़ने-लिखने में मदद करें।



नितेश डोंगरे
बी.एड.

व्यक्तित्व का आभूषण है विनम्रता

विनम्रता मनुष्य के व्यक्तित्व का आभूषण है। इसके माध्यम से हमारी व्यक्तित्व खूबसूरत बनता है क्योंकि विनम्र होकर ही हम पात्रता अर्जित कर सकते हैं। विनम्र होकर हम ग्रहण करना सीखते हैं और विनम्रता के कारण ही हम दूसरों से जुड़ पाते हैं। भारतीय संस्कृति में इसी विनम्रता को व्यक्त करने के लिए प्रणाम व अभिवादन करने की परंपरा है। बड़ों के समक्ष झुककर आशीर्वाद लेने की प्रथा है। हमारे जीवन में विनम्रता बनी रहे इसलिए प्रार्थना, स्तुतियां आदि की जाती हैं, दूसरों की सेवा-सहायता व दान किया जाता है। इन सबसे हमारे मन का अहंकार गलता है, मन धुलता है और हम अधिक विनम्र और कृतज्ञ बनते हैं।

हमारे धर्मग्रंथों का एक मूलमंत्र हैं- जो नम्र होकर झुकते हैं वही ऊपर उठते हैं। विनम्रता न केवल हमारे व्यक्तित्व में निखार लाती है बल्कि कई बार सफलता का कारण भी बनती है। विनम्रता के कारण जो सम्मान मिलता है उसका एक अलग महत्व है। मन की कोमलता और व्यवहार में विनम्रता एक बड़ी शक्ति है। कोमलता सदा जीवित रहती है जबकि कठोरता का जल्दी ही विनाश हो जाता है। तलवार कठोर से कठोर पदार्थ को काट देती है लेकिन कई कोमल पदार्थों को काटने की ताकत उसमें नहीं होती। यह भी उक्सर देखा गया है कि कई लोग अपने विशेष कार्य में माहिर होते हैं लेकिन विनम्रता के अभाव में घर या कार्यालय में सदैव परेशानी का शिकार होते हैं। विनम्रता कायरता नहीं है, यह व्यक्ति को शांति, सहनशीलता, शक्ति और ऊर्जा प्रदान करती है। मनुष्य यदि विनम्रता से जीवन जीना सीख ले तो अनेक परेशानियां देखते ही देखते समाप्त हो जाती हैं। इनके लिए किसी विशेष उपाय की आवश्यकता नहीं है बल्कि थोड़ा सा व्यवहार में बदलाव लाने मात्र से ही यह संभव हो जाता है। विनम्र व्यक्ति के सामने कठोर हृदय वाले व्यक्ति को भी झुकना ही पड़ता है। विनम्रता से हम छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखकर अपने जीवन को खुशहाल बना सकते हैं। जो विनम्र होते हैं वे हर जगह सम्मान पाते हैं और दूसरों को जोड़ने का कार्य करते हैं। इसी संबंध में एक कथा याद आ रही है। महर्षि कणाद एक अपरिग्रही तपस्वी थे। उनकी दूर्धर्ष तपस्या के कारण समस्त भारतवर्ष में उनकी ख्याति थी। किसानों के खेत जोत लेने के बाद जो अन्न के दाने भूमि पर शेष रह जाते थे उन्हीं को खाकर वे अपना जीवन व्यतीत करते थे। अन्न के कणों पर जीवित रहने के कारण ही उनका नाम कणाद पड़ा था। उस राज्य के राजा को जब उनके इस महाव्रत का पता चला तो वह उनके मिलने पहुंचा। राजा के पास अनेक बहुमूल्य वस्तुएं थीं, उसने वे सब महर्षि कणाद के चरणों में रख दी। महर्षि बोले- राजन, ये सब ले जाओ। मेरे पास परमात्मा का दिया सबकुछ है। ये सब उन्हें दो जिनके पास इनकी कमी हो। राजा यह सुनकर बड़ा आश्चर्यचकित हुआ और उसने लौटकर यह बात अपनी पत्नी को बताई। राजा की पत्नी विदूषि महिला थी। वह राजा से बोली- महाराज, आज आपसे भूल हो गई। ऐसे महापुरुष के पास देने नहीं लेने जाया जाता है जिसे संसार की सांसारिकता से कोई मतलब नहीं वही सच्चा ज्ञान देने का अधिकारी हो सकता है।

अब राजा को अपनी भूल का भान हुआ। वह रानी के पास महर्षि के पास ज्ञानार्जन के भाव से पहुंचा। महर्षि कणाद बोले- राजन सच्चा वैभव सांसारिक वस्तुओं की प्राप्ति से नहीं आत्मसाक्षात्कार से आता है। उसे प्राप्त करने के बाद अन्य कोई उपक्रम मनुष्य के लिए शेष नहीं रह जाता। महर्षि की बात सुनकर राजा और रानी का जीवन बदल गया।



कुंदनलाल वर्मा
व्याख्याता

मानसिक समस्याओं से जूझता समाज

आज हमारे सामने एक बड़ी चुनौती व्यक्तियों में पनपती मानसिक व्याधियां हैं, जिनके समाधान पर तुरंत ध्यान देने की आवश्यकता है। दुनियाभर में 45 करोड़ से अधिक लोग मानसिक रोगों से त्रस्त हैं। आबादी के हिसाब से भारत दुनिया का दूसरा बड़ा देश है। ऐसे में जो मानव संसाधन देश के विकास में सहयोगी हो सकते थे वे मानसिक व्याधियों के कारण अपना कोई योगदान दे पाने की स्थिति में नहीं रह पाते हैं।

नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ एंड न्यूरो साइंसेज बंगलुरू के अनुसार भारत में आज दो करोड़ से अधिक लोग गंभीर मानसिक बीमारियों से ग्रसित हैं। केवल इतना ही नहीं 5 करोड़ भारतीय अस्वस्थता से जूझ रहे हैं, जो गंभीर तो नहीं हैं पर आने वाले समय में भयावह रूप ले सकते हैं। इसके अलावा देश में ऐसे रोगियों की भी बड़ी संख्या है जिन्हें अस्पताल में भर्ती करने और सही इलाज मुहैया करवाने की आवश्यकता है। इन आंकड़ों के अनुसार भारत में 35 लाख से ज्यादा ऐसे मानसिक रोगी हैं जिन्हें तत्काल स्तरीय उपचार और भावनात्मक सहयोग की आवश्यकता है।

रांची इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूरोसाइकिएट्री एंड एप्लॉयड साइंसेज द्वारा किए गए शोध के आंकड़े यह बताते हैं कि मानसिक बीमारियों का इलाज करवाने वालों में 30 फीसदी युवा हैं। नई पीढ़ी में पनपती अपरिमित महात्वाकांक्षाएं युवाओं को पहले तनाव फिर अवसाद और अंततः मनोरोगों की चपेट में ले लेती हैं। वे इस दौरान कई तरह के व्यसनों से भी घिर जाते हैं और तनावग्रस्त अनियमित जीवनशैली उन्हें भांति-भांति के मानसिक रोगों से घेर लेती है।

भारत में बढ़ती हुई मानसिक समस्याओं से जुड़े ये मामले ऐसे हैं जिन पर गंभीरता से ध्यान देने की जरूरत है। क्योंकि इनका असर हमारे पूरे सामाजिक, आर्थिक और पारिवारिक ढांचे पर पड़ता है। इसलिए मनोरोगियों की बढ़ती हुई यह संख्या देश के लिए एक बड़ी चुनौती है जिनके उपचार के लिए उपयुक्त साधनों व ऐसे उपायों को अपनाने की जरूरत है जिनसे मानसिक रोगियों का सरल ढंग से उपचार हो सके। देश की आधी आबादी समझी जाने वाली महिलाएं अक्सर अंदरूनी शारीरिक बदलावों और समस्याओं को लेकर भीतर ही भीतर जूझती रहती हैं। इस कारण शरीरिक व्याधियों के साथ ही उनका मानसिक स्वास्थ्य

बिगड़ने लगता है और यही कारण है कि मानसिक बीमारियों के मामले में पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं की संख्या दुगुनी है। यह विडंबना है कि घरेलू महिलाएं हों या कामकाजी महिलाएं इन दोनों में मानसिक तनाव व अवसाद अपने जड़ें जमा रहा है और इससे हमारा सामाजिक व पारिवारिक ढांचा बुरी तरह प्रभावित हो रहा है क्योंकि महिलाएं ही परिवार व समाज का मेरूदंड हैं। सन् 2012 में प्रस्तुत हुई एक रिपोर्ट के अनुसार भारत की महिलाओं की एक बड़ी जनसंख्या मानसिक विकारों से ग्रस्त है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार हर पांच में से एक महिला और हर 12 में से एक पुरुष को किसी न किसी रूप में मानसिक व्याधि है। इस तरह हमारे देश में बहुत से लोग किसी न किसी तरह के मानसिक विकारों से जूझ रहे हैं और इनमें भी अनेक व्यक्ति गंभीर मानसिक रोगों से ग्रस्त हैं तथा उचित इलाज व देखभाल से वंचित हैं, ऐसे में सामान्य मानसिक विकारों के मामलों की बात ही क्या की जाए ? हमारे देश में मानसिक रोगियों के साथ अच्छा व्यवहार भी नहीं किया जाता है। शिक्षा, रोजगार और शादी ब्याह में मनोरोगियों की सामाजिक स्वीकार्यता एक बड़ा प्रश्न है। इसके साथ ही उन्हें हर स्तर पर भेदभाव का दंश भी झेलना होता है। देश में आज भी ऐसे लोग हैं जो परिवार में किसी सदस्य के मानसिक रूप से अस्वस्थ होने पर अंधविश्वासी टोटकों में फंस जाते हैं और इस तरह मानसिक रोगों से ग्रस्त व्यक्तियों को शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न तो सहना ही पड़ती है साथ ही उनका आर्थिक शोषण भी होता है।

रचपालसिंह भंवर
बी.एड.

लालच नहीं करना चाहिए

एक गांव में दो भाई रहते थे। इनमें से बड़ा भाई अमीर था जबकि छोटा भाई गरीब था। जब दीपावली आई तो छोटा भाई बड़े भाई के यहां कुछ मांगने गया तो उसने उसको वहां से भगा दिया। छोटा भाई वहां से उदास होकर चला गया। रास्ते में उसे लकड़ी वाला बूढ़ा आदमी मिला। उसने छोटे से कहा- क्या हुआ भाई ? तुम ऐसे मुंह लटकाए क्यों घूम रहे हो ? दीपावली पर तो खुश रहना चाहिए। तभी छोटा भाई बोला- काहे की खुशी ताऊ, घर में खाने के लिए कुछ भी नहीं है। तभी बूढ़ा व्यक्ति बोला बेटे अगर तुम मेरी लकड़ी का गट्ठा घर पहुंचा दो तो मैं तुम्हें एक ऐसी चीज दूंगा कि तुम अमीर हो जाओगे। छोटा भाई घर गया तो वहां उस व्यक्ति ने उसे एक मालकवा दिया और कहा कि तुम ये मालकवा लेकर जंगल में जाना। वहां तुम्हें अजीब तरह के तीन पेड़ दिखाई देंगे जिसके पास एक चट्टान होगी और ध्यान से देखोगे तो चट्टान के कोने में एक गुफा दिखाई देगी। तुम उस गुफा में चले जाना। वहां तीन गेंडे रहते हैं। वे तुम्हारे हाथ में मालकवा देखकर बहुत प्रसन्न होंगे और वे किसी भी कीमत में तुम्हें छोड़ेंगे नहीं क्योंकि उन्हें मालकवा बहुत पसंद है और तुम्हें कहेंगे लाओ तुम ये मालकवा हमें दे दो। जो चाहोगे वह तुम्हें मिलेगा लेकिन तुम उनसे धन नहीं मांगना। तुम कहना कि मुझे पत्थर की चक्की दे दो। छोटा भाई बूढ़े व्यक्ति से मालकवा लेकर सीधा गुफा में पहुंच गया। वहां उसे तीन गेंडे दिखे। वे बोले- लाओ ये मालकवा हमें दे दो। तुम्हें धन मिलेगा। तभी छोटा भाई बोला- मुझे धन नहीं चाहिए, पत्थर की चक्की चाहिए। गेंडे ने उसे पत्थर की चक्की दे दी और कहा कि तुम इसे मामूली चक्की मत समझना, जो मांगोगे वह मिलेगा परंतु जब इच्छा पूरी हो जाए तो इसे लाल कपड़े से ढंक देना, यह बंद हो जाएगी। छोटा भाई वहां से चक्की लेकर चला गया और उसने वैसा ही किया जैसा गेंडे ने कहा था और वह अमीर हो गया। बड़े भाई को विचार आया कि यह मुझसे ज्यादा अमीर कैसे हो गया ? जाकर देखूं तो सही। उसने वहां जाकर देखा कि छोटा भाई चक्की से अनाज और नमक निकाल रहा था तभी दूसरे दिन जब छोटा भाई अनाज बेचने बाजार गया तभी बड़ा भाई उसके घर से चक्की उठा ले गया और अपने परिवार को लेकर कहीं और चला गया। जब नाव से समुद्र पार कर रहे थे, नाव में वह चक्की रख दी। उस समय बड़े भाई से उसकी पत्नी बोली कि तुमने इस पत्थर की चक्की के लिए घर छोड़ दिया ?

उसी समय बड़े भाई ने चक्की से कहा कि चक्की नमक दे तो चक्की ने नमक दिया और नमक के भार से वह नाव डूब गई साथ ही उसका परिवार भी समुद्र में डूब गया। कहा जाता है कि तभी से समुद्र का पानी खारा है। इस कहानी से यह शिक्षा मिलती है कि लालच नहीं करना चाहिए ।

संतोष पाटीदार
बी.एड.

शिक्षा का महत्व

शिक्षा का महत्व व्यक्ति के जीवन में सर्वाधिक होता है। हम यह कह सकते हैं कि मानव जीवन मिलने के उपरांत भी शिक्षा के बिना मनुष्य पशु के समान है। शिक्षा मनुष्य के जीवन में पूर्णता लाती है और उसे आत्मविश्वास के साथ जीने और मेहनत से आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। परंतु क्या शिक्षा का सही अर्थ हम समझ पा रहे हैं ? क्या शिक्षा बस अच्छे स्कूल में पढ़ने और अच्छी नौकरी या व्यवसाय करने तक सीमित है ? क्या जो लोग अच्छे स्कूलों में नहीं जा पाते या अच्छी नौकरी या व्यवसाय नहीं कर पाते वे शिक्षित नहीं हैं ? हमें ऐसे कई सवालों के जवाब जानने होंगे। आज के आधुनिक युग में जहां व्यक्ति के पास अच्छे और बुरे को समझने का वक्त नहीं है जहां व्यक्ति प्रसिद्धि और प्रसाधन प्राप्त करने हेतु किसी भी हद तक जा सकता हो ऐसे में हमें शिक्षा के वृहद रूप को समझने की आवश्यकता है। हमें यह जानना होगा कि शिक्षा केवल व्यक्ति को कमाने का हूनर ही नहीं देती वरन यह व्यक्ति को सुखी जीवन जीने की कला भी सिखाती है। शिक्षा व्यक्ति को चतुर और बेईमान नहीं बल्कि अटल और ईमानदार बनाने के लिए दी जानी चाहिए। शिक्षा मनुष्य को कमजोर और संकीर्ण नहीं बल्कि आत्मनिर्भर और साहसी बनाने हेतु दी जानी चाहिए। शिक्षा का प्रमुख उद्देश्य व्यक्ति की व्यावहारिकता और तर्कशक्ति प्रदान करना होता है। आज ज्यादातर विद्यार्थी और अभिभावक केवल अच्छे परिणाम लाने को शिक्षा का एकमात्र उद्देश्य मानने लगे हैं। कुछ लोग तो बच्चों के खेलकूद और दूसरी गतिविधियों से दूर रखकर केवल किताबी कीड़े बनाने में विश्वास रखते हैं परंतु आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में बच्चे तभी आगे बढ़ सकते हैं जब वे हर क्षेत्र में अपनी योग्यता को साबित करें। आज बच्चों को मानसिक रूप से दृढ़ बने रहने के लिए प्रेरित करना अतिआवश्यक है ताकि वे जीवन के उतार-चढ़ाव में अपने आपको संभाल सकें और अपने सपने साकार कर सकें।

विष्णुराम भगोरिया

अब आएगा वाईफाई का मजा

